Title:Need for construction of check dams on river Sharda in U.P. to check recurring floods in the region-laid.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): विगत वर्ो में भारत्वर्ा के उत्तरी सीमान्त पर आई नदियों की अप्रत्याशित बाढ़ के कारण जन धन की भारी क्षति हुई है। विगत 9 अग्स्त, 2000 को सदन में इस विय पर परिचर्चा आयोजित भी की गई थी। पड़ौसी राट्र नेपाल द्वारा पानी का का अनियंत्रित बहाव छोड़े जाने के कारण सीमान्त के जनपदों खीरी, पीलीभीत, सीतापुर तथा बहराइच में जन, धन का भारी विनाश हुआ है। पचास करोड़ से ऊपर की फसलें नट हो गई हैं और कई गांवों का नामोनिशान मिट गया है। सरकार से अनुरोध है कि हालात पर गौर करते हुए शारदा नदी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए बैराज, शारदा नगर से घाघरा नदी के संगम तक दोनों तटबंधों के निर्माण करने का कार्य करें जिससे बाढ़ के प्रभाव से जनता सुरक्षित रह सके।